# चेतना

विद्यालय दैनिक पत्रिका

शिक्षकों का, शिक्षकों के लिए और शिक्षकों द्वारा प्रकाशित

2024-25 प्रवेशोत्सव नामांकन अभियान

**बुधवार**
बिहार
*31 जुलाई 2024*
*Wednesday*
वर्ष : 3
प्रादेशिक संस्करण







प्रेमचंद का जन्म दिवस




- संपादकीय
- चेतना सत्र
- संविधान
- समय सारणी एवं पाठ टीका
- पीएम पोषण योजना
- चहक
- ...

## पुरुषोत्तम दास टंडन

आधुनिक भारत के प्रमुख स्वाधीनता सेनानियों में से एक थे। वे 'राजर्षि' के नाम से भी विख्यात थे। भारत के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में नयी चेतना, नयी लहर, नयी क्रान्ति पैदा करने वाला कर्मयोगी कहा गया है। वर्ष 1961 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से भी सम्मानित किया गया था।

**की जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।**

**01 अगस्त, 1882, - 01 जुलाई, 1962**

| जुलाई | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सो. | म. | बु. | गु. | शु. | श. | र. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

17 मुहर्रम








***प्रधान संपादक***

**श्री अनिल कुमार प्रभाकर**

***कला एवं प्रबंध संपादक***

**श्री संतोष कुमार ठाकुर**
**श्रीमती बबिता कुमारी**
**श्रीमती रिंकु कुमारी**
**श्रीमती अध्याशा**
**श्रीमती सिमरन कुमारी**
**मो० फरहान**
**श्री दीपक कुमार सिंह**
**सुश्री नेहा कुमारी**
**श्री मिथुन कुमार राय**


**प्रिय गुरुजन !**

आज समाज और देश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न है शिक्षा किस लिए दी जाए? विभिन्न मनोवैज्ञानिकों एवं शिक्षा विशारदों ने शिक्षा के विभिन्न उद्देश्य बतलाएँ हैं। किसी विद्वान का मत है कि "विद्या के लिए विद्या" है तो दूसरे विद्वान का मत है कि आजीविका या व्यवसाय के लिए तैयार करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। कुछ विद्वानों का मत है कि मनुष्य का शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा अन्य सभी पहलुओं से विकास करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। कुछ लोग सच्चरित्र निर्माण को शिक्षा का उद्देश्य मानते हैं।


वैदिक ऋषियों के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य है मानव का सर्वांगीण विकास अर्थात मानव जीवन का जो उद्देश्य है उस उद्देश्य तक पहुँचना ही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। मानव जीवन का उद्देश्य पुरुषार्थ-मोक्ष। इसके लिए हमें शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक सभी नियमों का ज्ञान होना चाहिए। घर में हम अपने माता-पिता के साथ कैसा व्यवहार करें, समाज में कैसा उत्तम नागरिक बनें, साथियों के साथ कैसे व्यवहार करें, आजीविका के लिए क्या करें, सामाजिक तथा राजनैतिक समस्याओं का क्या हल निकालें। संक्षेप में हर बात में हम पूर्ण हों किसी में अधूरी न रहें, यह वैदिक ऋषियों की शिक्षा का उद्देश्य है। यदि हम अपना सर्वांगीण विकास करते हुए पुरुषार्थ को प्राप्त कर सके, तो हमारी शिक्षा सफल शिक्षा है अन्यथा नहीं।


इसका निष्कर्ष यह है कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास और सर्वांगीण विकास का अर्थ है - मानसिक, शारीरिक और रचनात्मक कौशल का विकास। चेतना विद्यालय दैनिक पत्रिका इन उद्देश्यों की पूर्ति के साधनों का एक प्रमुख अंग है। **"चेतना"** विद्यालय दैनिक पत्रिका जहाँ एक ओर बालमन की कोमल भावनाओं के फूटते अंकूर का पोषण करती है वहीं बालमन का पल-पल विकास होते देखकर परम संतोष का अनुभव होता है ठीक वैसे ही जैसे खिलते हुए फूलों को देखकर माली को होता है जो उन्हें सींचता है।

आपकी सर्वाग्रगण्य एवं लोकप्रिय विद्यालय दैनिक पत्रिका **"चेतना"** का आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें हर्ष एवं संतोष की अनुभूति हो रही है, पत्रिका के प्रस्तुत अंक को आपकी आकांक्षाओं के अनुरूप अधिक-से-अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। प्रकाशन से संबंधित सभी लोगों के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से यह अंक इतना अधिक उपयोगी बन पाया है।
















**चेतना टीम**
समस्तीपुर
पिन - 848207 (बिहार)
मो. +91 9473119007
Email : chetanastr@gmail.com
https://t.me/TeacherHelpline
https://www.teachersofbihar.org/


**नोट :** रविवार के दिन खुलने वाले विद्यालय शुक्रवार के दिन प्रकाशित होने वाले चेतना का उपयोग कर सकते हैं।

# चेतना सत्र

चेतना

31 जुलाई 2024 Wednesday बुधवार वर्ष 03

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है |

हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरी रंग भूमि यह विश्व धरा, सब खेल में, मेल में तू ही तो है |
हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है,

सागर से उठा बादल बनके, बादल से फूटा जल होकर के,
फिर नहर बना नदियाँ गहरी, तेरे भिन्न प्रकार, तू एक ही है,
हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही है,

मिट्टी से अणु परमाणु बना, तूने दिव्य जगत का रूप लिया,
फिर पर्वत वृक्ष विशाल बना, सौन्दर्य तेरा तू एक ही है |
हर देश में तू, हर भेष में तू, तेरे नाम अनेक तू एक ही |

### अभियान गीत

विश्वगुरु भारत हो अपना यह संकल्प हमारा है....
नामांकन हो हर बच्चे का गूँज रहा यह नारा है...
नयी पौध रोपण को अपने विद्यालय को सँवारा है....
कायाकल्प मिशन बेसिक हमने साकार उतारा है...
भौतिक संसाधन हों चाहे श्रेष्ठ प्रशिक्षित मानव श्रम
किसी दृष्टि से नहीं है बेसिक निजी विद्यालय से अब कम..
कमर कस चुका हर एक शिक्षक बना लिया यह पूरा मन
अपने बच्चों की उन्नति में जुटेंगे हम सह तन मन धन
बस समाज से आशा इतनी वह इसमें कुछ योग करें...
राज्य दे रहा हर एक सुविधा आप भी कुछ उद्योग करें...
रोज आयें बच्चे विद्यालय इतना तो सहयोग करें...
आस पास रहे कोई न वंचित सब "ज्ञानामृत भोग" करें...
बिहार के हर एक शिक्षक का अभिभावक को यही वचन
आप अपने बच्चे को भेजें बना देंगे उनका जीवन...

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**मनुष्य अपने विश्वास से निर्मित होता है। जैसा वो विश्वास करता है वैसा वो बन जाता है।**

## 3. शब्द ज्ञान

| English | | |
|---|---|---|
| Depressed | *डिप्रेस्ड* | उदास, दबा हुआ |
| Unhappy | *अनहैप्पी* | दु:खी |
| Long face | *लॉन्ग फेस* | उदास, गमगीन |
| Sad | *सैड* | उदास |
| Pensive | *पेन्सिव* | ध्यान मगन, चिंता ग्रस्त |

| हिन्दी | |
|---|---|
| औलाद | संतान |
| औपचारिक | दिखावटी |
| ओहदा | पद |
| एतबार | विश्वास |
| प्रतिकार | विरोध |

| संस्कृत | |
|---|---|
| कथमपि | कैसे भी |
| जयतु | जय हो |
| मधुरान्नम् | मीठा अन्न |
| अपद: | बिना पैर वाला |
| दूरगामी | दूर जाने वाला |

| اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|
| منڈک | Mundak | हजाम |
| منڈلی | Mandali | झुंड |
| منس | Muns | पति |
| منظم | Manajjim | मिलाना |
| منفی | Manfi | रोका गया |

## 4. दिवस ज्ञान

**प्रेमचंद का जन्म दिवस**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. बिहार राज्य में कुल कितने जिले हैं? : अरतिस (38)
2. खट्टे फलों में कौन सा एसिड होता है? : साइट्रिक एसिड
3. संसद में कौन से 2 हाउसेस है? : लोक सभा और राज्य सभा

4. भारत के गृह मंत्री कौन है? : अमित शाह
5. भारत की सबसे ऊँची मूर्ति कौन सी है? : स्टेच्यू ऑफ यूनिटी

## 6. तर्क ज्ञान

1. बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध त्यौहार है? : आसाम
2. कौन सा विटामिन आंवला में प्रचुर मात्रा में मिलता हैं? : विटामिन सी
3. चतुर्थ अनुपात ज्ञात करें? 15:20::5:X : 45371
4. सरा-सर में कौन सा समास है? : अव्ययीभाव समास
5. a *b =2a+b तो 4*5=? : 13

## 7. गुण संधि

1. आत्मोत्सर्ग : आत्म + उत्सर्ग
2. अर्थोपार्जन : अर्थ + उपार्जन
3. आनन्दोत्सव : आनंद + उत्सव
4. उपेक्षा : उप + ईक्षा
5. उमेश : उमा + ईश

## 8. प्रेरक प्रसंग

### अहंकार की गति

एक मूर्तिकार उच्चकोटि की ऐसी सजीव मूर्तियाँ बनाता था, जो सजीव लगती थीं। लेकिन उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था।

उसे जब लगा कि जल्दी ही उसक मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिये उसने एकदम अपने जैसी दस मूर्तियाँ उसने बना डालीं और योजनानुसार उन बनाई गईमूर्तियों के बीच मे वह स्वयं जाकर बैठ गया।

यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियाँ देखकर स्तम्भित रह गए। इनमें से वास्तविक मनुष्य कौन है- नहीं पहचान पाए। वे सोचने लगे, अब क्या किया जाए। मूर्तिकार के प्राण अगर न ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिये मूर्तियाँ तोड़ें तो कला का अपमान होगा।

अचानक एक यमदूत को मानव स्वभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार की स्मृति आई। उसने चाल चलते हुए कहा- "काश इन मूर्तियों को बनाने वाला मिलता तो मैं से बताता कि मूर्तियाँ तो अति सुंदर बनाई हैं, लेकिन इनको बनाने में एक त्रुटि रह गई।"

यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा कि मेरी कला में कमी कैसे रह सकत है, फिर इस कार्य में तो मैंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। वह बोल उठा- "कैसी त्रुटि?"
झट से यमदूत ने उसका हाथ पकड़ लिया और बोला, बस यही त्रुटि कर गए तुम अपने अहंकार में। क्या जनते नहीं कि बेजान मूर्तियाँ बोला नहीं करतीं।

# संविधान

चेतना

31 जुलाई 2024 Wednesday बुधवार वर्ष 03

## राष्ट्र-गान

*जन-गण-मन अधिनायक जय हे*
*भारत भाग्य विधाता ।*
*पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा*
*द्राविड़-उत्कल-बंग*
*विंध्य हिमाचल यमुना गंगा*
*उच्छल जलधि तरंग*
*तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मांगे*
*गाहे तव जय-गाथा ।*
*जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता ।*
*जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ।*

*- रविन्द्रनाथ टैगोर*

## राष्ट्रीय गीत

*वंदे मातरम्, वंदे मातरम्!*
*सुजलाम्, सुफलाम्, मलयज शीतलाम्,*
*शस्यश्यामलाम्, मातरम्!*
*वंदे मातरम्!*
*शुभ्रज्योत्सनाम् पुलकितयामिनीम्,*
*फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्,*
*सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्,*
*सुखदाम् वरदाम्, मातरम्!*
*वंदे मातरम्, वंदे मातरम्॥*

*- बंकिमचन्द्र चटर्जी*

## मौलिक अधिकार

1. *समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)*
2. *स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)*
3. *शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)*
4. *धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)*
5. *संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)*
6. *संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)*




## संविधान में उपबंधित मौलिक कर्तव्य

1. *संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र गान का आदर करना।*
2. *स्वतंत्रता के लिये हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों का पालन करना।*
3. *भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।*
4. *देश की रक्षा करना और आह्वान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।*
5. *भारत के लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करना जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग आधारित सभी प्रकार के भेदभाव से परे हो। साथ ही ऐसी प्रथाओं का त्याग करना जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।*
6. *हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना।*
7. *वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना और प्राणिमात्र के लिए दयाभाव रखना।*
8. *मानवतावाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करना।*
9. *सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना एवं हिंसा से दूर रहना।*
10. *व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिये प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार उच्च स्तर की उपलब्धि हासिल करे।*
11. *6 से 14 वर्ष तक के आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। (86वें संविधान द्वारा जोड़ा गया)*

## भारत के संविधान की प्रस्तावना

*हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :*
*सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय,*
*विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म*
*और उपासना की स्वतंत्रता,*
*प्रतिष्ठा और अवसर की समता,*
*प्राप्त कराने के लिए,*
*तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और*
*राष्ट्र की एकता और अखण्डता*
*सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए*
*दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ईस्वी (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।*

# समय सारणी पाठ टीका

चेतना

31 जुलाई 2024 Wednesday बुधवार वर्ष 03

ज्ञापांक : 01/मा०शि०-स्था 'ख'-68/2024-1242/पटना दिनांक :- 28/06/2024

| समय | | 09:00 - 09:15 | 09:15 - 09:55 | 09:55 - 10:35 | 10:35 - 11:15 | 11:15 - 11:55 | 11:55 - 12:35 | 12:35- 01:15 | 01:15 - 01:55 | 01:55 - 02:35 | 02:35 - 03:15 | 03:15 - 04:00 | 04:00 - 04:30 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 06:30 - 06:45 | 06:45 - 07:20 | 07:20 - 07:55 | 07:55 - 08:30 | 08:30 - 09:05 | 09:05 - 09:45 | 09:45 - 10:20 | 10:20 - 10: 55 | 10:55 - 11:30 | | 11:30 - 12:10 | |
| वर्ग | घंटी | | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी | | पंचमी | छठी | सप्तमी | आठमी | | |
| 1 | | साफ-सफाई, चेतना सत्र - प्रार्थना | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | गणित (पाठ्यपुस्तक) | मध्यांतर / मध्याह्न भोजन कार्यक्रम | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि | मिशन दक्ष के लिए अंतर्गत विशेष कक्षा | वर्ग 1-2 के बच्चों को छोड़कर शेष वर्ग के बच्चों के होमवर्क को चेक करना, पाठ टीका (lesson plan) तैयार करना एवं मिशन दक्ष के बच्चों का प्रोफाइल तैयार करना एवं मिशन दक्ष की विशेष कक्षा लेना, साप्ताहिक मूल्यांकन के आधार पर छात्र-छात्राओं का प्रोफाइल तैयार करना इत्यादि । |
| 2 | | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | गणित (पाठ्यपुस्तक) | | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि | | |
| 3 | | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | गणित (पाठ्यपुस्तक) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | खेल गतिविधि | | |
| 4 | | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | गणित (पाठ्यपुस्तक) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | खेल गतिविधि | | |
| 5 | | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | गणित (पाठ्यपुस्तक) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | खेल गतिविधि | | |
| 6 | | | विज्ञान | अंग्रेजी | गणित | हिंदी / उर्दू / अन्य | | सामाजिक विज्ञान | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | गणित (अभ्यास) | खेल गतिविधि | | |
| 7 | | | हिंदी / उर्दू / अन्य | विज्ञान | अंग्रेजी | गणित | | गणित (अभ्यास) | सामाजिक विज्ञान | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | खेल गतिविधि | | |
| 8 | | | गणित | हिंदी / उर्दू / अन्य | विज्ञान | अंग्रेजी | | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | गणित (अभ्यास) | सामाजिक विज्ञान | खेल गतिविधि | | |

नोट:- 1. उपरोक्त वर्ग - समय सारिणी सुझावात्मक है। 2. विद्यालय अपने संसाधनों यथा - शिक्षक, छात्र, वर्ग कक्ष, सेक्शन की संख्या आदि की उपलब्धता के आधार पर उपरोक्त वर्ग - समय सारणी में परिवर्तन कर सकता है। 3. जिन विद्यालयों में पुस्तकालय है वहाँ बच्चों को सप्ताह में किसी दो अलग-अलग घटियों में पुस्तक पढ़ने को प्रेरित किया जा सकता है। 4. प्रत्येक सप्ताह में सभी विषय की साप्ताहिक मूल्यांकन विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार किसी भी दिन किसी भी घंटी करेंगे।

# पाठ टीका NOTES ON LESSONS

| दिनांक | घंटी | कक्षा | विषय | प्रस्तावित पाठ की संक्षिप्त टिप्पणी | कृष्णपट-कार्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | Period | Class | Subject | Brief notes on lessons proposed | Black Board work | Remarks |
| 31 जुलाई 2024 | | सभी | चेतना सत्र | साफ-सफाई, प्रार्थना, व्यायाम एवं अन्य आयाम | | |
| | 1 | | | | | |
| | 2 | | | | | |
| | 3 | | | | | |
| | 4 | | | | | |
| | | सभी | मध्यांतर / मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम | | | |
| | 5 | | | | | |
| | 6 | | | | | |
| | 7 | | | | | |
| | 8 | पाठ टीका का संधारण | | | | |

शिक्षक का हस्ताक्षर

# पीएम पोषण योजना

चेतना

31 जुलाई 2024 Wednesday बुधवार वर्ष 03

**पीएम पोषण योजना का मेनू : -**

| दिनांक | दिन | प्रस्तावित मीनू |
|---|---|---|
| 31 जुलाई 2024 | बुधवार | खिचड़ी (हरि सब्जी युक्त) + चोखा + केला / मौसमी फल |

**पीएम पोषण योजना :-**

*बच्चों को अपने जीवन, भोजन, शिक्षा तथा विकास का अधिकार है। इस अधिकार की प्राप्ति बच्चे करें एवं उन्हें इसके उचित अवसर मिलें, यह राज्य का दायित्व है। भारतीय संविधान की धारा 21A के अंतर्गत 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदत्त है। प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण में मदद करने के उद्देश्य से सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पीएम पोषण योजना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ निम्नवत है :-*

- *बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति।*
- *बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि।*
- *बच्चों के बीच सामाजिक समता।*
- *बच्चों की सीखने की क्षमता एवं आत्मसम्मान के स्तर को बढ़ाना।*
- *बच्चों के छीजन में कमी।*
- *नामांकन एवं उपस्थिति में निरंतर बढ़ोतरी।*
- *बच्चों के ठहराव, अधिगम एवं एकाग्रता सुनिश्चित करने में मदद।*

**परिवर्तन मूल्य की नई दर की विवरणी (01-10-2022 से प्रभावित)**

| कक्षा 01 से 05 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 20 Gram | 103.00 | 2.06 |
| सब्जी | 50 Gram | 22.00 | 1.10 |
| तेल | 5 Gram | 121.00 | 0.60 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.49 |
| जलावन | 100 Gram | 12.00 | 1.20 |
| | | कुल = | 5.45 |

| कक्षा 06 से 08 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 30 Gram | 103.00 | 3.09 |
| सब्जी | 75 Gram | 22.00 | 1.65 |
| तेल | 7.5 Gram | 121.00 | 0.90 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.73 |
| जलावन | 150 Gram | 12.00 | 1.80 |
| | | कुल = | 8.17 |

**साप्ताहिक मेनू**


| क्र. | दिन | मेनू |
|---|---|---|
| 1. | सोमवार | चावल + मिश्रित दाल + हरी सब्जी |
| 2. | मंगलवार | जीरा चावल + सोयाबीन + आलू की सब्जी |
| 3. | बुधवार | खिचड़ी (हरि सब्जी युक्त) + चोखा + केला / मौसमी फल |
| 4. | गुरुवार | चावल + मिश्रित दाल + हरी सब्जी |
| 5. | शुक्रवार | पुलाव + काबुली चना + लाल चना का छोला + हरा सलाद + उबला अंडा / मौसमी फल |
| 6. | शनिवार | खिचड़ी (हरि सब्जी युक्त) + चोखा + केला / मौसमी फल |

दिन - 31 | सत्र - 01 | अवधि - 1 घंटा

शारीरिक विकास

खेल

# धीमी दौड़



**उद्देश्य**

- शरीर के अंगों का समन्वय।
- बड़ी मांसपेशियों का विकास।

**प्रक्रिया**

- शिक्षक बच्चों को वर्ग- कक्ष से बाहर विद्यालय-परिसर में सुरक्षित स्थान पर ले जाएँगे तथा उन्हें एक पंक्ति में खड़ा करवाएँगे।
- शिक्षक आरम्भ एवं अंतिम छोर तय कर चूना से चिन्हित कर देंगे।
- शिक्षक स्वयं इस गतिवधि को बच्चों के सामने करके दिखाएँगे।
- शिक्षक बच्चों को निर्देश देंगे कि सीटी बजने पर आरम्भ बिंदु से धीरे -धीरे दौड़कर अंतिम छोर पर जाना है, और उसे छू कर वापस आरम्भ बिंदु पर आना है।
- शिक्षक इस गतिविधि को बारी-बारी से सभी बच्चों के साथ करवाएँगे।

**सामग्री**

- सीटी, चूना, रस्सी आदि।

**विकल्प**

- इस गतिविधि को शिक्षक गोलाकार में भी करवा सकते हैं।



**प्रतिफल**

- बच्चों की बड़ी मांसपेशियों का विकास एवं समन्वय होगा।

दिन - 31 | सत्र - 02 | अवधि - 1 घंटा

भाषा विकास

कविता

## मेरा मिट्ठू



मिट्ठू- मिट्ठू कहता है
मेरा तोता राम
लाल-लाल मिर्ची खाए
करता नहीं आराम
हरे-हरे पंखों वाला
चोंच उसकी लाल
अमरुद मजे से खाता
करतब करे कमाल
दादा जी को 'टा-टा' कहता
मम्मी को कहता 'बाय'
पापा को करता प्यार बहुत
मुझको कहता 'हैलो हाय'

**उद्देश्य**

- समान लय वाले शब्दों की पहचान करना और उससे नए शब्द बनाना।

**प्रक्रिया**

- शिक्षक बच्चों को अर्द्ध गोलाकार में बैठाएँगे।
- 'मेरा मिट्ठू', लयात्मक भाव-भंगिमा के साथ बच्चों को सुनाएँगे।
- कविता सुनाने के पश्चात् उसमें आने वाले समान लय वाले शब्दों से बच्चों को परिचित करवाएँगे।
- एक समान ध्वनि से शुरु/ख़त्म होनेवाले शब्दों को सुनाकर बताएँगे। जैसे पाला –झाला, लगाता – गाता, आराम-राम आदि।
- शिक्षक अपने साथ बच्चों को कविता गाने के लिए प्रेरित करेंगे और कविता को झूम-झूम कर गाएँगे।।

**सामग्री**

- समान लय वाले शब्द की विभिन्न कविताएँ।

**विकल्प**

- शिक्षक तुकबंदी से जुड़ी छोटी -छोटी कविताओं पर भी बच्चों के साथ अभ्यास करवा सकते हैं।
- बच्चों के साथ तुकांत शब्दों का खेल खेलें। जैसे एक - दो पंक्ति की तुकांत कविता बना कर तुकांत शब्दों से खाली स्थान पर बच्चों से भरवाएँ। जैसे-

  देखो-देखो चल दी रेल
  शुरु हुआ अब अपना ——



**प्रतिफल**


- तुकबंदी वाले शब्दों की पहचान कर पाएँगे।



दिन - 31 | सत्र - 03 | अवधि - 1 घंटा

संख्यात्मक विकास एवं पर्यावरणीय जागरूकता

## वस्तुओं की छंटनी



**उद्देश्य**

- अवलोकन के आधार पर विभिन्न आकारों की पहचान एवं अंतर कर पाना।

**प्रक्रिया**


- शिक्षक बच्चों को बड़े समूह में बैठाकर गतिविधि को पहले स्वयं करके दिखाएँगे।
- इसके बाद शिक्षक वर्ग – कक्ष में बच्चों को चार या पाँच समूह में बाँटकर गोलाकार में बैठाएँगे।
- सभी समूह के बच्चों को अलग-अलग आकृतियों की वस्तुएँ देंगे, जैसे - गोल, तिकोन, चौकोर आदि।
- शिक्षक बच्चों के प्रत्येक समूह में दी गई आकृतियों के अनुसार खल्ली से फर्श पर आकृतियाँ बना लेंगे। जैसे - गोल, तिकोन, चौकोर।
- बच्चों के साथ मिलकर वस्तुओं को उनकी आकृति के आधार पर छाँटकर खल्ली से बनाई गई आकृतियों में रखवाएँगे।

**सामग्री**

- गोल, तिकोन, चौकोर आकार की वस्तुएँ।

**विकल्प**

- विभिन्न आकृतियों के आकार कार्ड के माध्यम से भी शिक्षक इस गतिविधि को करवा सकते हैं।



**प्रतिफल**

- बच्चे वस्तुओं को उनके आकार के आधार पर छाँट पाएँगे।

# चेतना टीम

**समस्तीपुर**

**पिन - 848207 (बिहार)**

Mobile : **9473119007**
Email ID : chetanastr@gmail.com
WhatsApp : https://chat.whatsapp.com/BgYPOv5HKSv2Vx6uoX1LOZ
Telegram : https://t.me/TeacherHelpline
Facebook : https://www.facebook.com/Anil9473119007

## TEACHERS OF BIHAR

Patna (Bihar)

Mobile : **7250818080**
Website : www.teachersofbihar.org
Email ID : teachersofbihar@gmail.com
Facebook : https://www.facebook.com/teachersofbihar
Youtube : https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
Instagram : https://instagram.com/teachersofbihar
Twiter : https://twitter.com/teachersofbihar